22 April 2015

जीत समाचार

सोशल मीडिया के बढ़ते महत्व पर परिचर्चा का आयोजन

शिमला, 21 अप्रैल (अजीत समाचार): पब्लिक रिलेशन्स सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) के शिमला चैप्टर ने राष्ट्रीय जन सम्पर्क दिवस के अवसर पर आज शिमला के बचत भवन में 'सोशल मीडिया का बढ़ता महत्व: जन सम्पर्क की भूमिका' विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया। परिचर्चा की अध्यक्षता वरिष्ठ एवं विख्यात पत्रकार पी.सी लोहमी ने की। दि ट्रिब्यून के एसोशिएट एडिटर दिनेश कुमार ने मुख्य भाषण प्रस्तुत किया जबकि वरिष्ठ पत्रकार रवींद्र मखैक ने भी इस विषय पर विस्तारपूर्वक विचार रखे।

सोशल मीडिया के बढ़ते महत्व पर आयोजित परिचर्चा में भाग लेते हुए पत्रकार। (छाया : धर्मेन्द्र)

पी.सी लोहमी ने कहा कि सोशल मीडिया एक क्रांति बनकर उभरा है, जिसके सकारात्मक के साथ-साथ नकारात्मक पहलू भी हैं। आवश्यकता इस बात की है कि समुचित योजना और शोध के साथ समाज हित में इसके सकारात्मक लाभों का दोहन किया जाए

दिनेश कुमार ने सोशल मीडिया के माध्यम से सृजित हो रही व्यापक एवं विविध सूचनाओं के प्रबंधन की कला को सीखने की आवश्यकता पर बल दिया।

वरिष्ठ पत्रकार रवींद्र मखैक ने सोशल मीडिया के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तकनीक के माध्यम से आम आदमी भी समाचार और सूचना के एकत्रीकरण के लिए सशक्त बना है। पीआरएसआई के शिमला चैप्टर के अध्यक्ष बी.डी शर्मा ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि पीआरएसआई एक राष्ट्रीय संस्था है जिसके विभिन्न राज्यों में करीब 38 चैप्टर हैं।

बी.डी शर्मा ने कहा कि सोशल मीडिया तेजी से उभर रहा है जिससे जन सम्पर्क व्यवसायियों के सम्मुख चुनौतियों के साथ-साथ अपेक्षाओं के अनुरूप बेहतर सेवाएं प्रदान करने के अवसर भी मिले हैं।